सिरोंज विधानसभा में 99 फीसदी हुआ डिजिटाइजेशन

खास बातें

- सिरोंज विधानसभा के 124 मतदान केंद्र पर शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन
- शेष बचे मतदाताओं के लिए बीएलओ घर-घर कर रहे संपर्क

नवभारत न्यूज

सिरोंज 4 दिसम्बर, सिरोंज विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य लक्ष्य के करीब पहुंच गया है. सिरोंज में गुरुवार तक 99 फीसदी मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज्ड किये जा चुके हैं. सिरोंज विधानसभा में मतदाताओं की कुल संख्या 2 लाख 26 हजार 424 है. जिसमें से गुरुवार तक 2 लाख 24 हजार 434 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज्ड किये जा चुके हैं.

स्थानीय तहसील के निर्वाचन शाखा से मिली जानकारी के अनुसार सिरोंज विधानसभा में एसआईआर के तहत गुरुवार तक 99.1 फीसदी मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज्ड किये जा चुके हैं. सिरोंज विधानसभा में मतदाताओं की कुल संख्या 2 लाख 26 हजार 424 है. जिसमें से गुरुवार तक 2 लाख 24 हजार 434 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज्ड किये जा चुके हैं. जिनमें यूईएफ श्रेणी के 13 हजार 833 मतदाता भी शामिल है, जो घर पर ना मिलने वाले, स्थाई रूप से शिफ्ट होने वाले, मृत, दूसरी जगह नामांकित मतदाता एवं अन्य मतदाता शामिल है, जिनका प्रतिशत 6.11 फीसदी है. तहसील के निर्वाचन शाखा से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक जो गणना पत्रक डिजिटाइज्ड किये गये है, उसमें स्थाई शिफ्ट 8414 मतदाता, दूसरी जगह नामांकित 717 मतदाता, मृत 3255 मतदाता, घर पर ना मिलने वाले अनुपस्थित 1414 मतदाता तथा अन्य 33 मतदाता शामिल है. जानकारी के अनुसार सिरोंज विधानसभा क्षेत्र में 254 मतदान केंद्र है. जहां पर बीएलओ तथा उनके सहायक उत्साह के साथ गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन कर रहे हैं. जिनमें से करीब 124 मतदान केंद्रों पर एसआईआर के तहत शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो गया है. सिरोंज के निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा ने आग्रह किया कि जिन मतदाताओं ने गणना पत्रक वापस नहीं किये हैं. वह अपने गणना पत्रक तत्काल बीएलओ को उपलब्ध कराये. उन्होंने अपील की है कि सिरोंज विधानसभा के शेष मतदाता शीघ्र अपने बीएलओ को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराकर फॉर्म भरवाने में सहयोग करें. ताकि सिरोंज विधानसभा में एसआईआर के तहत विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को शत प्रतिशत लक्ष्य तक पहुंचाया जा सके. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर 2026 हेतु नवीन जारी कार्यक्रम के अनुसार अब गणना पत्रक भरने की अंतिम तिथि 11 दिसंबर 2025, प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 16 दिसंबर 2025 को किया जावेगा. और 16 दिसंबर से दावा आपत्तियां प्राप्ति का कार्य शुरू हो जावेगा. जिसकी अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026 नियत की गई है. दस्तावेजो का सत्यापन कार्य 16 दिसंबर 2025 से 7 फरवरी 2026 तक किया जावेगा और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी को किया जावेगा.

शेष मतदाताओं के लिए किए जा रहे विशेष प्रयास

सिरोंज विधानसभा में एसआईआर के तहत शेष गणना पत्रकों के लिये विशेष प्रयास किये जा रहे है. जानकारी के अनुसार जिन मतदाताओं के गणना पत्रक लंबित है. उनके लिए बीएलओ एवं उनके सहायक घर-घर जाकर संपर्क कर रहे है. जिससे सिरोंज विधानसभा में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को शत प्रतिशत लक्ष्य तक पहुंचाया जा सके. साथ ही बीएलओ एवं उनके सहायक घर-घर जाकर संपर्क कर फॉर्म भरवाने में सहयोग कर रहे हैं. लंबित मतदाताओं की सूची तैयार कर प्रत्येक परिवार से संपर्क किया जा रहा है. मैपिंग संबंधी समस्याओं का समाधान मौके पर ही ऑनलाइन सर्च कर किया जा रहा है. सिरोंज विधानसभा में ऐसे कई मतदाता हैं, जो या तो मिले नहीं या फिर 2003 की मतदाता सूची से मैप नहीं हो पाये. 16 दिसंबर को प्रारूप मतदाता सूची जारी होते ही इन हजारों गायब मतदाताओं को नोटिस भेजे जावेंगे. जिसके बाद उनको दस्तावेज पेश करने होंगे.

आईएएस संतोष वर्मा के बयान पर नया विवाद

युवक के फेसबुक कमेंट से भड़का ब्राह्मण समाज

नवभारत न्यूज

पठारी, आईएएस संतोष वर्मा के बयान से शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. अब इस मामले ने नया मोड़ तब लिया. जब स्थानीय युवक लखन अहिरवार ने फेसबुक पर विस्तृत कमेंट करते हुए आईएएस संतोष वर्मा का समर्थन किया और पूरे विवाद के लिए ब्राह्मण समाज को दोषी ठहराया.

युवक की इस पोस्ट ने क्षेत्र में आक्रोश की स्थिति पैदा कर दी है. यही कारण रहा कि पठारी क्षेत्र के समस्त ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने आज थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर लखन अहिरवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की. ब्राह्मण समाज का कहना है कि युवक के कमेंट से सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका है और यह पोस्ट पूरी तरह समाज विशेष को निशाना बनाने वाली है. ब्राह्मण समाज ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे. फिलहाल पुलिस ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू करने की बात कही है. इस अवसर पर गिरिराज किशोर दीक्षित मनोज रिछारिया, राजेंद्र व्यास ,अमित शर्मा ,गोलू रिछारिया ,सतीश त्यागी ,अरविंद व्यास, रविंद्र व्यास, नरेंद्र दुबे, अवध नारायण शर्मा ,तनंजय रिछारिया, हर्ष दुबे ,रोहित शर्मा ,अशोक रिछारिया ,नरेश शर्मा ,विशाल व्यास सतीश महाराज आशु दुबे शिवा दुबे आदि मौजूद रहे.

छीरखेड़ा सोंथर मार्ग हुआ स्वीकृत

नवभारत न्यूज

विदिशा, विधायक मुकेश टंडन की मांग पर राज्य शासन ने अनुपूरक बजट 2025-26 में विदिशा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छीरखेड़ा से ग्राम सौंथर तक तीन किलोमीटर मार्ग के निर्माण के लिए आवश्यक राशि 2 करोड़ 50 लाख की स्वीकृति अनुपूरक बजट में दी है. इस नवीन सड़क निर्माण की स्वीकृति से आसपास के क्षेत्र ग्रामों के ग्रामीण जनों को आवागमन में सुविधा मिलेगी. इस स्वीकृति के लिए क्षेत्रीय विधायक मुकेश टंडन ने सांसद एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं राज्य के मुख्यमंत्री की प्रशंसा करते हुए हृदय से आभार व्यक्त किया.

आशीष साइकिल यात्रा से मध्यप्रदेश का भ्रमण कर चला रहे जागरुकता अभियान

नवभारत न्यूज

विदिशा, अशोकनगर कलेक्टर आदित्य सिंह की अभिप्रेरणा से रेवा शक्ति अभियान के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कुपोषण से मुक्ति आदि संदेश के साथ आशीष ग़लगले मध्यप्रदेश के 54 जिलों की 5800 किलोमीटर की साइकल यात्रा करेंगे. इसी अभियान में विदिशा पहुंचे आशीष ग़लगले का मुरारी गोयल, खेल अधिकारियों और खिलाड़ियों स्वागत किया और उनके द्वारा चलाए जा रहे जागरकता अभियान की प्रशंसा के साथ शुभकामनाएं दी गईं.

विधिक जागरुकता शिविर एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

नवभारत न्यूज

विदिशा, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के दिशा-निर्देश एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्री शेख सलीम के मार्गदर्शन में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम सांदीपनी स्कूल एवं खेल स्टेडियम, विदिशा में सामाजिक न्याय एवं विकलांगजन कल्याण विभाग के समन्वय से सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट साकेत जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती शिवांगी सिंह, लीगल एड डिफेंस काउंसिल अनिमेष तिवारी, एवं पैरालीगल वॉलेंटियर्स गुडीराम रघुवंशी की गरिमामयी उपस्थिति रही. न्यायिक मजिस्ट्रेट साकेत जैन ने कहा कि सभी नागरिकों को समानता का अधिकार प्राप्त है. हमें दिव्यांगजनो को भिन्नता की दृष्टि से नहीं बल्कि समानता और सम्मान की दृष्टि से देखना चाहिए. न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती शिवांगी सिंह ने कहा कि शासकीय एवं गैर-शासकीय संस्थाओं को मानसिक रूप से बीमार तथा मानसिक अशक्तता से ग्रस्त व्यक्तियों के हित में 'विधिक सेवाएं योजना 2015' का पूर्णत: पालन करना चाहिए.

चेक बाउंस में 6 माह की हुई सजा

10 का चेक हुआ था बाउंस, विदिशा के व्यापारी ने दिया था चेक

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, जिला एवं अपर सत्र न्यायालय ने चेक बाउंस के एक मामले में रामलीला मार्केट विदिशा के एक व्यापारी नेतसिंह ठाकुर को छह माह के कारावास की सजा सुनाई है. यह फैसला किसान की सोयाबीन उपज का भुगतान न करने से संबंधित है.

मामला वर्ष 2023 का है. ग्राम कुल्हन के किसान रामराज सिंह दांगी और वीर सिंह दांगी ने 500 क्विंटल सोयाबीन की फसल व्यापारी नेतसिंह को बेची थी. फसल बेचने के बाद व्यापारी ने किसानों को दो चेक दिए थे. वीर सिंह दांगी को 10,70,000 रुपये का और रामराज सिंह दांगी को 8,52,600 रुपये का चेक दिया गया था. जब किसानों को भुगतान नहीं मिला, तो उन्होंने ये चेक बैंक में जमा किए.

बैंक खातों में पर्याप्त राशि न होने के कारण दोनों चेक बाउंस हो गए. इसके बाद किसानों ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया. पैरवी कर रहे वकील धर्मेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि चेक बाउंस के इस मामले में व्यापारी नेतसिंह शुरुआत में कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा था. इस पर दोनों फरियादी किसानों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की. उच्च न्यायालय ने गंजबासौदा न्यायालय को इस प्रकरण को छह महीने के भीतर निपटाने का निर्देश दिया था. उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद गंजबासौदा न्यायालय ने मामले में तेजी दिखाई और व्यापारी कोर्ट में पेश हुआ. न्यायाधीश आफरीन यूसुफ जई ने दोनों चेक बाउंस मामलों में नेतसिंह को छह-छह महीने के कारावास की सजा सुनाई.

पत्रकारों ने अशोक मानोरिया को दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, नगर के पत्रकारों ने पत्रकार भवन में जिले के वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय श्री अशोक मनोरिया को श्रद्धांजलि देते हुए कहा की उन्होंने पत्रकारिता के साथ समाज सेवा के कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई वह अनेक संस्थाओं से जुड़े रहे और जनहित में जीवन पर्यंत भलाई के कार्य करते रहे. पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्हें राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया. प्रदेश शासन द्वारा उन्हें अधिमान्य पत्रकार और सीनियर सिटीजन आर्थिक मदद दी जाती रही. वह मध्य प्रदेश आंचलिक पत्रकार संघ के अध्यक्ष भी रहे. नवभारत समाचार पत्र से लंबे समय तक जुड़े रहे. निष्पक्ष निर्भीक खोजी पत्रकारिता के लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा. श्रद्धांजलि सभा में प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एंकर मौजूद थे. सभी ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया.

कलाओं से प्रतिभाओं में आता निखार-यादव

रक्तसेवा समिति के आह्वान पर सैण्ट एसआरएस स्कूल के छात्रों ने बनाई प्रेरक पेंटिंग्स

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, रक्त सेवा समिति के आह्वान पर स्थानीय सैंट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में रक्तदान महादान को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जा रहा है. इसी क्रम में मंगलवार को रक्तदान, महादान को लेकर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के बच्चों ने रक्तदान को लेकर मन की कल्पनाओं को रंगों से आकार दिया.

रंगों के संयोजन से पेंटिंग से न केवल छात्रों ने कलात्मक प्रतिभा को प्रकट किया, बल्कि खूबसूरत ढंग से रक्तदान का प्रेरक संदेश भी छात्र समूह के बीच पहुंचाया. संस्था के डायरेक्टर के .एस. यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, कार्डीनेटर प्रियंका अग्रवाल, प्रभारी प्राचार्य श्रीमती रजनी गुप्ता, एन.एस.एस. अधिकारी कृष्णपाल सिंह चौहान, दिनकर कद्रे, मनोज श्रीवास्तव सहित शिक्षक परिवार ने बच्चों द्वारा तैयार खूबसूरत आकर्षक और प्रेरक रक्तदान विषय पर तैयार पेंटिंग्स की सराहना की. इस अवसर पर संस्था डायरेक्टर के.एस. यादव ने बच्चों को बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिता से प्रतिभाओं का उभार होता है, वहीं जन जाग्रति भी आती है. शहर की रक्तदान समिति द्वारा समाजसेवी राजेश तिवारी के मार्गदर्शन में शहर ही नहीं, प्रदेश के कई हिस्सों में रक्तदान कर अनेक लोगों की जान बचाई गई है. प्रतियोगिता में कंगना कुर्मी, समीक्षा अहिरवार, अक्षत रघुवंशी, समीक्षा साहू, प्रियांशु तिवारी, खुशी अहिरवार, तनिष्का अहिरवार ने सराहनीय पेंटिंग बनाकर मन मोह लिया.

नेशनल लोक अदालत की तैयारियां हुईं शुरू, 13 दिसम्बर को लगेगी लोक अदालत

नवभारत न्यूज

कुरवाई, नेशनल लोक अदालत आगामी 13 दिसम्बर को न्यायालय परिसर कुरवाई में आयोजित किए जाने की तैयारियां शुरू हो गंई हैं. जिला विधिक सेवा समिति के निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति कुरवाई के द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पम्पलेट वितरित करवा कर प्रचार प्रसार किया गया, इधर जनपद कार्यालय, नगरपरिषद कार्यालय, बिजली कंपनी, तहसील परिसर, दूरसंचार विभाग, बैंक संस्थाओं के द्वारा बसूली के मामलों में छूट प्रदान करते हुए पक्षकारों को समझौते के विकल्प प्रदान किए गए हैं, इधर अधिवक्ता संघ कुरवाई के सदस्यों के द्वारा भी अपने पक्षकारों को आगामी 13 दिसम्बर को राजीनामे के आधार पर प्रकरणों के निराकरण करवाये जाने का प्रयास किया जा रहा है. तहसील विधिक सेवा समिति कुरवाई के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त जिला न्यायाधीश आनंद गौतम के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार की तैयारियां तेज हो गंई हैं, 13 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत को लेकर जगह जगह पत्रक वितरित किए जा रहे हैं, वहीं लोक अदालत हेतु 3 खण्डपीठों में सुनवाई होगी, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश् आनंद गौतम, बरिष्ठ खण्ड व्यवहार न्यायाधीश प्रियंका कुशवाह, कनिष्ठ खण्ड न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी निशा कुरील के न्यायालय में लोकअदालत की व्यवस्थाओं को लेकर अधिवक्ता संघ के सदस्यों को अलग अलग पैनल बनाकर जिम्मेदारी प्रदान की गई है, अनेक पक्षकारों को राजीनामा कर आपस में प्रेम और सद्भाव से रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है.

♦ शव वाहन / फ्रीज़र
♦ ब्लड ग्रुप लिस्ट
♦ मरीज इलाज उपकरण
♦ पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
♦ देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए
निःशुल्क सेवा
शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

मोबाइल में बजता है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो रेडियो
84 35 250 250
प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए

अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने किया एसडीएम कोर्ट कुरवाई का आकस्मिक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

विदिशा, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने आज एसडीएम कोर्ट कुरवाई का आकस्मिक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की उपस्थिति पुस्तिका, राजस्व प्रकरणों की प्रगति, लंबित प्रकरणों के निराकरण की स्थिति तथा रिकॉर्ड संधारण की व्यवस्थितता का परीक्षण किया. अपर कलेक्टर श्री डामोर ने अधिकारियों-कर्मचारियों को समयसीमा के भीतर प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण, नागरिकों से सरल व संवेदनशील व्यवहार तथा रिकॉर्ड संधारण को अद्यतन रखने के निर्देश दिए.

भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक, बीमा और बिजली आपूर्ति पर हुई चर्चा

नवभारत न्यूज

कुरवाई, भारतीय किसान संघ तहसील कुरवाई की मासिक बैठक ग्राम लायरा में आयोजित की गई, जिसमें जिला एवं तहसील पदाधिकारियों सहित ग्राम इकाई के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. बैठक में जिला मंत्री रितेश जैन, जिला सदस्य संजय राजपूत, तहसील अध्यक्ष राकेश रघुवंशी, तहसील मंत्री अरविंद राजपूत तथा तहसील मंत्री शिवदयाल लोधी विशेष रूप से मौजूद रहे. बैठक में किसानों की मुख्य समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई. उपस्थित किसानों ने फसल बीमा राशि के विलंब, राहत राशि वितरण में आ रही कठिनाइयों, तथा दिन के समय पर्याप्त बिजली आपूर्ति की मांगों को प्रमुखता से उठाया. किसानों ने बताया कि फसल नुकसान के बाद समय पर बीमा राशि न मिलना बड़ी चिंता का कारण है, वहीं सिंचाई के लिए दिन में बिजली न मिलने से उत्पादन प्रभावित होता है. पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दों को उच्च स्तर तक पहुंचाया जाएगा और समाधान के लिए आवश्यक पहल की जाएगी.

लापरवाही | ऐतिहासिक सांची में हरियाली बिखेरने वाला उद्यान आज बदहाली में, व्यवस्था भगवान भरोसे

अधिकारियों की लापरवाही से उजड़ने की कगार पर उद्यान

नवभारत न्यूज

सांची, विश्व विरासत स्थल सांची में वर्षों से मौजूद शासकीय उद्यान आज अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को मजबूर है. कभी हरियाली की चादर ओढ़े रहने वाला यह उद्यान देशी-विदेशी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहा है, परंतु अब जिम्मेदार अधिकारियों की उपेक्षा इसे उजड़ने की कगार तक ले आई है.

जानकारी के अनुसार उद्यान में लगभग छह दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी तैनात हैं, जिन पर सरकारी राशि व्यय तो हो रही है, परंतु अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण इन्हें दिशा-निर्देश देने वाला कोई नहीं दिखता। स्थाई प्रभारी अधिकारी के अवकाश पर जाने के बाद उद्यान की जिम्मेदारी फील्ड अधिकारी वर्षा निगम को सौंपी गई है, लेकिन उनका भोपाल में अधिक समय व्यतीत होने से उद्यान की देखरेख पूरी तरह ठप पड़ी है.

करीब 11 एकड़ क्षेत्र में फैले इस उद्यान का आधा हिस्सा पूर्व में पर्यटन विभाग को सौंपा जा चुका है. शेष बचे क्षेत्रफल में भी पिछले तीन वर्षों से जुताई-सिंचाई नहीं होने के कारण जगह-जगह कचरा और सूखी लकड़ियों के ठूंठ नजर आते हैं. हालात यह हैं कि यहां लगे सैकड़ों पेड़ पौधे पानी के अभाव में सूखने की कगार पर पहुँच गए हैं. किसानों के हित में चलाई जाने वाली कई योजनाएँ इसी उद्यान के माध्यम से क्रियान्वित होती हैं, परंतु अधिकारियों की लापरवाही के कारण किसान खाली हाथ लौटने को मजबूर हो रहे हैं. विभागीय अधिकारी भी इस बदहाल स्थिति पर आँखें मूँदे बैठे हैं. उद्यान की उपेक्षा को देखते हुए स्थानीय जनों में आशंका है कि कहीं भूमाफिया की नजर इस बेशकीमती भूमि पर न पड़ गई हो. यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि इस ऐतिहासिक स्थल से 'शासकीय उद्यान' का नाम तक मिट सकता है. अगर जिम्मेदार नहीं जागे, तो शासकीय उद्यान का अस्तित्व इतिहास बन जायेगा.

प्रभारी अधिकारी का पक्ष

फील्ड अधिकारी वर्षा निगम ने कहा कि हम फील्ड कार्य में व्यस्त हैं. इस समय मुड़िया खेड़ा क्षेत्र में रेलवे लाइन के लिए वृक्षों की गणना कर रहे हैं. हमारा ट्रैक्टर सिलवानी में है. हमने स्थायी रूप से छोटा ट्रैक्टर उपलब्ध कराने की मांग की है ताकि उद्यान की व्यवस्था सुधारी जा सके.

शिक्षित बनो, राष्ट्र को आत्मनिर्भर विकसित बनाने अपना सर्वश्रेष्ठ झोंक दो- जिलाध्यक्ष लोधी

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरी के भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभाकक्ष मे स्वतंत्रता सेनानी महान गौ सेवक शिक्षाविद राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रेरणा पुरूष स्वामी ब्रह्मानंद लोधी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित कर उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुऐ वरिष्ठ नेता व लोधी समाज जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह लोधी ने संत ब्रह्मानंद के बताऐ मार्ग पर चलकर राष्ट्र को शिक्षित समर्थ आत्मनिर्भर बनाकर विकसित भारत बनाने का आह्वान नवयुवक से किया. विकास खंड अध्यक्ष पूरन सिंह लोधी ने बालिकाऔ से महारानी अवंतीतीबाई लोधी जैसा निडर बहादुर निर्भीक भारत माता की शेरनी बेटी बनने की बात कही समाजसेवी रविन्द्र जैन ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिऐ सभी से प्रेम और स्नेह का व्यवहार करने जाति वर्ग पंथ समुदाय धर्म आधारित छुआछूत भेदभाव दूर करने नव भारत के निर्माण पर जोर दिया. युवा नेता उमेश लोधी ने कहा हम आपस मे लडे इसलिए अंग्रेज हम पर राज कर सके जिसमे लाखो अवंतीतीबाई लोधी बेगम हजरत महल लक्ष्मीबाई बहादुर शाह जफर भगतसिंह चंद्रशेखर आजाद रामप्रसाद बिस्मिल शहीद हुऐ तब आजादी मिले इस आजादी की कीमत पहचानिऐ आपस मे लडना झगड़ा बंद करो हम बटेगे तो देश को ही नुकसान होगा. सब मिलकर रहो ताकि भारत आगे बड़े. योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने संत स्वामी ब्रह्मानंद लोधी के जीवन परिचय को सुनाते हूऐ शिक्षा के क्षेत्र मे , गौ सेवा व संवर्धन के लिऐ उनको याद किया तथा सभी से संत के जीवन से सीख लेकर भारत माता को पुन: विश्व गुरू के सिंहासन पर विराजमान कर परम वैभव तक ले जाने की शपथ ली. इस अवसर पर शाला की बाल कैबिनेट के राष्टपति चाँदनी पंथी प्रधानमंत्री ऋषिराज लोधी के नेतृत्व मे एक ज्ञापन सौपकर शाला मे दो साल से गणित विज्ञान की पढाई न होने पर शिक्षक उपलब्ध कराने, शाला मे लाइट लगाने, बाउंड्रीवाल बनवाने व पौधो की जालिया चोरी करने वाले पेड पौधो को तोडने वाले के खिलाफ कठोरतापूर्वक कारवाई की मांग की. इस अवसर पर महेंद्र सिंह ठाकुर, रामबाबू सोनी , चतर सिंह लोधी , भगवती बाई लोधी , नुपुर लोधी , रानी लोधी , प्रियांशी सेन, मानसी राजपूत, दीपेश लोधी, कार्तिक लोधी, अंशुल पंथी, भावना लोधी , प्रियंका लोधी, अरूण लोधी , परी लोधी , यश पंथी , अंश लोधी, सलोनी मालवीय सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद हुए.